# हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

*खटीमा- 262308, जिला- ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)*

*(सम्बद्ध कुमायूं विश्वविद्यालय)*

**फोनः 05943–252244**

**Email ID: gpgckhatima@gmail.com**


---

## –: महाविद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या 2020–21 :–

अन्तर्राष्ट्रीय सीमा नेपाल और अन्तर्राज्यीय सीमा उत्तर प्रदेश के संगम पर अवस्थित जनजाति बाहुल्य उत्तराखण्डी संस्कृति और विभिन्न संस्कृतियों के ताने बाने से उदित हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खटीमा (ऊधम सिंह नगर) अपने स्थापना वर्ष 1989 के बाद से अब यह महाविद्यालय शैक्षिक क्षेत्र मे अपनी तीव्र गति से प्रगति की ओर अग्रसर है। महाविद्यालय की लगभग 5 एकड़ भूमि पर वर्तमान में 01 प्रशासनिक भवन, 01 पी0जी0 ब्लॉक, 01 बी0एड0 ब्लॉक, 01 पुराना प्रशासनिक भवन जिसमें वर्तमान में वाणिज्य की कक्षाओं का संचालन होता है, 01 हाइटेक सभागार, 01 योगा भवन व 01 गार्ड रूम निर्मित है। इसके साथ ही 01 क्रीड़ा मैदान, 01 प्राचार्य आवास व 03 तृतीय श्रेणी कार्मिकों हेतु आवासीय भवन भी उपलब्ध है। शैक्षणिक सत्र 2021–22 में मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड राज्य द्वारा महाविद्यालय की क्षतिग्रस्त चारदीवारी के नवनिर्माण के लिये धन अवमुक्त किया गया जिसका कार्य प्रगति पर है।

वर्तमान में महाविद्यायल में स्नातक एवं परस्नातक स्तर पर कला संकाय, विज्ञान संकाय तथा वाणिज्य संकाय का संचालन किया जा रहा है।

**कला संकायः–** कला संकाय में स्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, भूगोल व शिक्षाशास्त्र एवं परास्नातक स्तर पर हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र व भूगोल विषय संचालित किये जा रहे है।

**विज्ञान संकायः–** विज्ञान संकाय में स्नातक स्तर पर भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान व वनस्पति विज्ञान विषय संचालित किये जा रहे है। इसके साथ ही परास्नातक स्तर पर भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान व वनस्पति विज्ञान संचालित है।

**वाणिज्य संकायः**– वाणिज्य संकाय में स्नातक स्तर पर बी0कॉम व स्नातकोत्तर स्तर पर एम0कॉम विषय संचालित है।

महाविद्यालय मे वर्तमान में अध्ययनरत कुल 3951 छात्र–छात्राओं के सापेक्ष कला संकाय में कुल 2026, विज्ञान संकाय में कुल 1042 छात्र–छात्रायें तथा वाणिज्य संकाय में 740, बी0एड0 (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) में 110, एम0ए0 योग 25 एवं पी0जी0 डिप्लोमा इन योग में 08 छात्र–छात्रायें अध्ययनरत है।

## महाविद्यालय में वर्तमान में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी

महाविद्यालय में 01 प्राचार्य एवं स्थाई प्राध्यापकों के 36 पद सृजित है जिसके सापेक्ष कुल 16 स्थाई प्राध्यापक एवं 15 गैस्ट फेकल्टियों/नितान्त काम चलाऊ व्यवस्था के द्वारा शिक्षण कार्य सम्पादित किया जा रहा है।

शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में कार्यालय स्टाफ में 01 मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, 01 प्रशासनिक अधिकारी, 01 वरिष्ठ सहायक, प्रयोगशाला सहायक के 08 स्थाई पदों के सापेक्ष 02 स्थाई 03 संविदा कर्मचारी 01 इलैक्ट्रीशन कम मैकेनिक कार्यरत है एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में 10 स्थाई पदों के सापेक्ष 02 स्थाई तथा 08 पदों पर संविदा कर्मचारी कार्यरत है। वर्तमान में छात्र–छात्राओं के अध्ययन हेतु पुस्तकालय की सुदृढ़ व्यवस्था जिसमें पाठ्यक्रमों एवं संदर्भ ग्रंथों सहित लगभग 30,000 पुस्तकें उपलब्ध है।

वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा सी0बी0सी0एस0 पैटर्न के तहत सेमेस्टर प्रणाली लागू किये जाने के कारण पाठ्यक्रम परिवर्तित होने से अधिकांश पुस्तकें पाठ्यक्रम के बाहर हो गई है।

महाविद्यालय में एक क्रीड़ा मैदान है जिसमें महाविद्यालय की खेल प्रतिभाओं को निखारने में सहायता मिल रही है। क्रीड़ा मैदान में महाविद्यालयी प्रतियोगिता के अलावा विश्वविद्यालय स्तर की अंतर्महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन समय–समय पर किया जाता है। महाविद्यालय में वर्तमान में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन इकाई तथा रोवर्स–रेंजर्स में 16 रोवर्स एवं 16 रेंजर्स की व्यवस्था है। नमामि गंगे परियोजना के तहत महाविद्यालय में

समन्यवक के दिशा–निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

महाविद्यालय मे विभागीय परिषद के अन्तर्गत समय–समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद–विवाद, निबन्ध, सामान्य ज्ञान, चार्ट, मॉडल, क्विज, प्रतियोगिताओं एवं व्याख्यानमालायें आयोजित की जाती रही है। महाविद्यालय यू0जी0सी0 2F व 12B में पंजीकृत है। नेटवर्किंग के तहत महाविद्यालय को कम्प्यूटरीकृत कर लैब स्थापित की गई है। महाविद्यालय में इसरो द्वारा एडुसेट की स्थापना से छात्र–छात्रायें लाभान्वित हो रहे है।

सत्र 2021–22 में इस महाविद्यालय द्वारा कबड्डी खेल का आयोजन कुमाऊँ विश्वविद्यालय अन्तर्महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता के अन्तर्गत किया गया जिसमें महाविद्यालय की टीम उप विजेता रही। इसके साथ ही कुमाऊँ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर्महाविद्यालयी खेल प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया और कबड्डी, कराटें एवं एथलेटिक्स में विजेता रहे। सत्र 2021–22 में महाविद्यालय के विभिन्न छात्र–छात्राओं का सरकारी / गैर सरकारी सेवाओं हेतु चयन हुआ।

प्राचार्य
रा0 स्ना0 महाविद्यालय
खटीमा (ऊधम सिंह नगर)

Principal
H.N.B. Govt. P.G. College
Khatima, U.S. Nagar
Uttarakhand State